आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करण: जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in

वर्ष: 10 | अंक: 339 | जयपुर, शुक्रवार 19 जून, 2026 | मूल्य: 2 रुपए | पृष्ठ: 4




# गहलोत बोले-प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा वेंटिलेटर पर आ चुका है

## गरीबों की जिंदगी को खिलौना बना दिया, प्रसूताओं की मौत के बाद अब तो कुंभकर्णी नींद से जागे सरकार

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कोटा और बीकानेर के अस्पतालों में प्रसूताओं की मौतों के मामले में सरकार पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने प्रसूताओं की मौत के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाते हुए सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकार पर निशाना साधा। गहलोत ने आरोप लगाया कि प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा खुद वेंटिलेटर पर आ चुका है और इस महकमे ने गरीबों की जिंदगी को खिलौना बना दिया है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज में पांच प्रसूताओं की मौत की जांच रिपोर्ट में सीधे तौर पर इलाज में लापरवाही सामने आना बेहद संगीन, विचलित करने वाला और अक्षम्य है। ये सामान्य मौतें नहीं, बल्कि व्यवस्था की घोर संवेदनहीनता के कारण हुई संस्थागत हत्याएं हैं। एम्स की टीम द्वारा ऑपरेशन थिएटर में इन्फेक्शन की आशंका जताया जाना अस्पताल प्रशासन के दावों की धज्जियां उड़ाता है। गहलोत ने आगे लिखा- हद तो यह है कि इस जानलेवा लापरवाही के बाद भी वहां पांच महिलाएं जिंदगी और मौत से जूझ रही हैं और किडनी फेल होने जैसी गंभीर स्थिति में हैं, जिनका अभी डायलिसिस के जरिए इलाज चल रहा है। उनके लाचार परिजनों ने मुझसे मिलकर अपना दर्द बयां किया। उन्हें यह भरोसा ही नहीं है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सरकार आगे उनका इलाज करवाएगी भी या नहीं। सरकार को तुरंत यह घोषणा करनी चाहिए कि यदि इन पीड़ित महिलाओं की किडनी पूरी तरह खराब (डैमेज) होती है, तो उनके किडनी ट्रांसप्लांट और भविष्य के पूरे इलाज का शत-प्रतिशत खर्च उठाने की जिम्मेदारी सरकार की होगी।



> सिर्फ कोटा ही नहीं, बीकानेर की स्थिति भी रूह कंपाने वाली है। वहां भी प्रसूताओं की किडनी फेल होने के पीछे अस्पतालों की बदहाली, गंदगी और ओटी (ऑपरेशन थिएटर) में इन्फेक्शन का खौफनाक सच सामने आया है। ये तमाम तथ्य चीख-चीखकर गवाही दे रहे हैं कि पूरे प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा खुद वेंटिलेटर पर आ चुका है और विभाग की इस आपराधिक लापरवाही ने गरीबों की जिंदगी को खिलौना बना दिया है।
>
> **अशोक गहलोत**
> पूर्व सीएम, राजस्थान

### प्रसूताओं की मौतों के जिम्मेदारों को सस्पेंड करें

गहलोत ने मांग करते हुए लिखा- मेरी मुख्यमंत्री से सीधी और दो टूक मांग है कि इस अक्षम्य लापरवाही के लिए जिम्मेदार बड़े अधिकारियों और डॉक्टरों को तत्काल सस्पेंड कर उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही, पीड़ित परिवारों को तुरंत उचित मुआवजा राशि दी जाए। सरकार को यह स्वीकार करना ही होगा कि यह पूरी तरह से आपकी सरकार और सिस्टम की घोर विफलता है, जिसकी कीमत निर्दोष महिलाओं को अपनी जान देकर और अपनी किडनियां गंवाकर चुकानी पड़ रही है।

### सरकार पूरे इलाज का खर्च उठाने की जिम्मेदारी ले

गहलोत ने लिखा- सरकार को तुरंत यह घोषणा करनी चाहिए कि यदि इन पीड़ित महिलाओं की किडनी पूरी तरह खराब (डैमेज) होती है, तो उनके किडनी ट्रांसप्लांट और भविष्य के पूरे इलाज का शत-प्रतिशत खर्च उठाने की जिम्मेदारी सरकार की होगी। सिर्फ कोटा ही नहीं, बीकानेर की स्थिति भी रूह कंपाने वाली है। वहां भी प्रसूताओं की किडनी फेल होने के पीछे अस्पतालों की बदहाली, गंदगी और ओटी (ऑपरेशन थिएटर) में इन्फेक्शन का खौफनाक सच

### सरकार को अब अपनी कुंभकर्णी नींद से जागना होगा

गहलोत ने आगे लिखा- राज्य सरकार को अब अपनी कुंभकर्णी नींद से जागना होगा। कोटा और बीकानेर की इन दर्दनाक घटनाओं को महज हादसा मानकर रफा-दफा करने की कोशिश कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कल कोटा दौरे के दौरान जब मैंने इन पीड़ित और अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं से मुलाकात की, तो मेरा दिल दहल उठा। ये सभी अत्यंत गरीब परिवारों की बेबस महिलाएं हैं, जो सरकारी तंत्र के भरोसे अस्पताल आई थीं।

सामने आया है। ये तमाम तथ्य चीख-चीखकर गवाही दे रहे हैं कि पूरे प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा खुद वेंटिलेटर पर आ चुका है और विभाग की इस आपराधिक लापरवाही ने गरीबों की जिंदगी को खिलौना बना दिया है।

# महेश जोशी केस-एसीबी और जज दोनों से चूक हुई

## हाईकोर्ट बोला- गिरफ्तारी के आधार नहीं बताए, पुलिस-न्यायिक अफसरों को ट्रेनिंग की जरूरत



**जयपुर।** हाईकोर्ट ने करोडों रुपए के जल जीवन मिशन घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी की गिरफ्तारी को अवैध बताने वाली उनके बेटे रोहित जोशी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका (हैबियस कॉर्पस) को खारिज कर दिया है। कोर्ट की जयपुर बेंच ने अपने आदेश में माना कि इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और विशेष न्यायाधीश के स्तर पर गंभीर चूक हुई है। जस्टिस उमाशंकर व्यास और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने 12 जून को याचिका खारिज कर दी थी। विस्तृत आदेश बुधवार को अपलोड हुआ। इसमें खंडपीठ ने कहा है- गिरफ्तारी के आधार बताने के नियमों का पालन नहीं हुआ है। ACB और विशेष न्यायाधीश दोनों के स्तर पर गंभीर चूक हुई है। उधर, कोर्ट ने यह भी कहा- सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के अनुसार, जब कोई व्यक्ति न्यायिक आदेशों के तहत हिरासत में हो, तब हैबियस कॉर्पस याचिका के जरिए गिरफ्तारी को अवैध घोषित नहीं किया जा सकता है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की सब्सिडी 'सेवा' के दायरे में नहीं

## राज्य उपभोक्ता आयोग ने जिला आयोग का आदेश रद्द किया, कहा- सब्सिडी सरकारी योजना




@रघुवंशी रक्षक पत्रिका

**जयपुर।** राज्य उपभोक्ता आयोग ने कहा- प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत मिलने वाली सब्सिडी सेवा (सर्विस) के दायरे में नहीं आती है। ऐसे में योजना के तहत सब्सिडी पाने वाला व्यक्ति उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ता नहीं माना जा सकता है। राज्य आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश देवेंद्र कच्छावा और सदस्य करुणा जैन की पीठ ने दो अपीलों को स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया। बेंच ने जिला उपभोक्ता आयोग द्वितीय जयपुर के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें जिला आयोग ने फाइनेंस कंपनी पर 1.11 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था।

### फ्लैट खरीदने पर नहीं मिली थी सब्सिडी

दरअसल, जिला उपभोक्ता आयोग में पूजा डाबला ने परिवाद दायर करके कहा- उन्होने साल 2019 में जयपुर के विकास नगर हीरापुरा में फ्लैट खरीदने के लिए फाइनेंस कंपनी से 18.93 लाख रुपए का लोन लिया था। कंपनी ने दावा किया था कि उन्हें पीएमएवाई के तहत 2.67 लाख रुपए की सब्सिडी मिलेगी। तय समय के बाद भी उनके खाते में सब्सिडी की राशि नहीं आई। जिस पर फैसला देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने सब्सिडी की राशि लोन में समायोजित करने के साथ 1 लाख रुपए मानसिक परेशानी और 11 हजार रुपए परिवाद दायर करने का खर्चा देने का निर्देश दिया था। इस फैसले के खिलाफ फाइनेंस कंपनी और नेशनल हाउसिंग बैंक ने अपील की थी। इस पर सुनवाई के बाद राज्य आयोग ने कहा कि सब्सिडी एक सरकारी योजना है, जो नियमों के अनुसार दी जाती है। यह सेवा के दायरे में नहीं आती है।

# एसएमएस हॉस्पिटल में फार्मासिस्ट ने महंगी दवाइयां-इंजेक्शन सस्ते-दाम पर बेचे

## 1500 रुपए में बेची 10 हजार रुपए कीमत की मेडिसिन; संविदा कर्मचारी-दलाल को पकड़ा

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में महंगी दवाइयों की चोरी का खेल उजागर हुआ। हॉस्पिटल के दवाई काउंटर पर संविदा कर्मचारी फार्मासिस्ट ने दवाई (इंजेक्शन, सीरिंज, ह्र्स की बोतलें) बैग में भरकर बाहरी युवक को बेच दी।

इसकी एवज में फार्मासिस्ट ने 1500 रुपए फोन-पे पर दलाल से ले लिए। सुरक्षा गार्ड कंपनी 'रेस्को' के नियुक्त सुरक्षा गार्डों ने सजगता दिखाते हुए हॉस्पिटल से बाहर निकलते समय युवक मनोज कुमार यादव और फार्मासिस्ट बबन को गुरुवार को पकड़ लिया। साथ ही करीब 10 हजार रुपए की दवाइयां भी बरामद की। फार्मासिस्ट बबन एसएमएस अस्पताल के DDC पर संविदा में नौकरी करता है। हॉस्पिटल प्रशासन ने बबन की ड्यूटी चरक भवन स्थित वेयरहाउस पर लगा रखी थी।



### बांगड़ परिसर से निकलते समय पकड़ा

बबन ने दलाल मनोज कुमार यादव से सांठगांठ करके महंगी दवाइयां 1500 रुपए में उपलब्ध करवाना तय किया था। मनोज से 1500 रुपए फोन-पे पर मिलने के बाद फार्मासिस्ट बबन ने चरक भवन स्थित स्टोर से कुछ दवाइयां उठाई। वहीं कुछ दवाइयां DDC-14 नंबर से ली। इसके बाद दवाइयों को एक बड़े डिब्बे में रखकर युवक को बैग में दे दी। इस दौरान रेस्को कंपनी के सुरक्षा गार्डों को दवाइयों की चोरी का इनुपट मिला तो वे सजग हो गए।

# जयपुर समेत 6 जिलों में बारिश, दुकानों में घुसा पानी

## बीकानेर में रेत का बवंडर; जानें- प्रदेश में कब होगी मानसून की एंट्री

**जयपुर।** राजस्थान में बैक-टू-बैक वेदर सिस्टम आने से प्री-मानसून की बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को एक नया वेदर सिस्टम राज्य में एक्टिव हुआ। जयपुर, उदयपुर, चूरू, श्रीगंगानगर, अलवर और सीकर में बारिश हुई। श्रीगंगानगर में तेज बारिश से दुकानों में पानी घुस गया। मौसम विभाग ने इस सिस्टम से तीन दिन तक राज्य के दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में आंधी-बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने 21 जून तक प्रदेश में इस सिस्टम का असर रहने का अनुमान जताया है। प्रदेश के 29 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है। लगातार बदल रहे मौसम के कारण दिन का तापमान भी 40 डिग्री से कम हो गया है। वहीं, पिछले 24 घंटे में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, करौली और इनके आसपास के इलाकों में हल्की बारिश हुई। राजस्थान में 25 जून बाद मानसून आने की संभावना है। अलवर में गुरुवार शाम को बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आई।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया पर उठे सवाल

## इंटरव्यू लिस्ट में आरक्षण की जानकारी गायब, अभ्यर्थी राज्यपाल से करेंगे शिकायत



**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही विवादों के घेरे में आ गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी की गई इंटरव्यू लिस्ट में आरक्षण नीति के पालन, चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और अंतिम चयन में संभावित मनमानी को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। छात्र संगठनों, अभ्यर्थियों और शिक्षाविदों का आरोप है कि विश्वविद्यालय ने इंटरव्यू के लिए चयनित अभ्यर्थियों की लिस्ट तो जारी कर दी, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि अलग-अलग आरक्षित वर्गों की सीटों के अनुपात में कितने उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। दरअसल, विश्वविद्यालय के पीएचडी अध्यादेश-124 (7 मार्च 2026) के बिंदु 5.6 में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा। इसके बावजूद इंटरव्यू सूची में वर्गवार अभ्यर्थियों की संख्या का खुलासा नहीं किए जाने से पूरी प्रक्रिया पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। अभ्यर्थियों ने राज्यपाल से शिकायत करने के साथ ही कोर्ट में याचिका दायर करने का फैसला किया है।

# पायलट बोले- एसआई भर्ती में इंटरव्यू खत्म करे सरकार

## पांचना बांध मामले में हाईकोर्ट के फैसले का पालन हो, सभी पक्षों से बात कर समाधान निकाले सरकार

**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने और पांचना बांध के मुद्दे को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं। पायलट ने कहा- राजस्थान सरकार को भी एसआई भर्ती में इंटरव्यू प्रणाली समाप्त कर केवल मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया लागू करनी चाहिए। देश के लगभग 14-15 राज्यों में एसआई भर्ती में इंटरव्यू की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। जब देश के अनेक राज्यों में इंटरव्यू सिस्टम खत्म कर केवल मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया अपनाई जा रही है तो राजस्थान में अब तक इस व्यवस्था को समाप्त क्यों नहीं किया गया? पायलट जयपुर आवास पर मीडिया से बातचीत क रहे थे। पायलट ने कहा- हाल ही आरपीएससी अध्यक्ष यूआर साहू ने भी बयान दिया कि उन पर इंटरव्यू के दौरान अभ्यर्थियों के अंक ऊपर-नीचे करने के लिए सुझाव और दबाव डाला जाता था। साहू ने हालांकि यह नहीं बताया कि उन्हें किसका फोन आया और किसने उनसे आग्रह किया? ऐसी परिस्थितियां इसलिए पैदा होती हैं, क्योंकि इंटरव्यू प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश रहती है। जहां मानवीय हस्तक्षेप होगा, वहां गड़बड़ी और पक्षपात की संभावना भी बनी रहती है। यह सच है कि जितने कम इंटरव्यू होंगे, उतनी ही छेड़छाड़ और अनियमितताओं की संभावना कम रहेगी।



### पेपरलीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी से युवा हताश

पायलट ने कहा- कोटा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हजारों विद्यार्थियों के बीच जो बातें रखीं, उससे उन्होंने देश की शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े गंभीर सवालों को देश के सामने रखा है। देश में प्रतियोगी परीक्षाओं, कोचिंग व्यवस्था और निजी संस्थानों का सबसे अधिक बोझ मध्यमवर्गीय और ग्रामीण परिवारों पर पड़ रहा है। लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद अधिकांश स्टूडेंट को सफलता नहीं मिल पाती और उसके बाद उनके सामने रोजगार और भविष्य की अनिश्चितता खड़ी हो जाती है। कड़ी मेहनत से तैयारी कर परीक्षा देने के बाद भी पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, मूल्यांकन में गड़बड़ी सहित अन्य अनियमितताओं का सामना करते हैं। इससे उनके मन में निराशा और अविश्वास पैदा होता है। कई मामलों में युवा मानसिक तनाव का शिकार हो जाते हैं, जो बेहद चिंताजनक है।

### पेपरलीक के मगरमच्छ कहां हैं, कब पकड़े जाएंगे

पायलट ने कहा- पेपरलीक के मगरमच्छ कहां हैं, वे कब पकड़े जाएंगे। सरकार ने दावे किए थे उनका क्या हुआ? पिछले कई साल से लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं। परीक्षा होने के बाद प्रश्नों को हटाने, मूल्यांकन में पारदर्शिता की कमी और नई-नई प्रक्रियाओं से विद्यार्थियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। युवाओं को यह भरोसा होना चाहिए कि जिस परीक्षा प्रणाली से वे गुजर रहे हैं, वह निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाब देह है। यदि कोई अनियमितता होती है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

### पांचना बांध मामले में हाईकोर्ट के फैसले का पालन हो

पायलट ने कहा- पांचना बांध विवाद के समाधान के लिए राज्य सरकार को तत्काल पहल करते हुए सभी पक्षों से बात करनी चाहिए। हाईकोर्ट के आदेश की पालना सुनिश्चित करनी चाहिए। पानी सभी की आवश्यकता है। किसी भी परिस्थिति में तनाव और भाईचारे में खटास की स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए।

### पांचना बांध आंदोलन में दोनों पक्षों की अपनी अपनी चिंताएं और मांगें

पायलट ने कहा- लंबे समय से पांचना बांध को लेकर आंदोलन चल रहा है। इस विषय से जुड़े विभिन्न पक्षों की अपनी-अपनी चिंताएं और मांगें हैं। नदी किनारे के 360 गांवों के किसानों का भी अपना पक्ष है। सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह सभी पक्षों को विश्वास में लेकर बातचीत करे और कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए समाधान का रास्ता निकाले।

# सोजत में रामेश्वर महादेव की निकली शोभायात्रा, दूधिया रोशनी से नहाया भोले बाबा का दरबार

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सोजत सिटी/मीठालाल पंवार।** नगर के बिलाड़िया गेट स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चतुर्थ वर्षगांठ का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं द्वारा माथे पर कलश लेकर जयकारे के गूंज के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा पावटा चौक से रवाना होकर डीजे, ढोल नंगाडे पर नाचते थिरकते गाजेबाजे के साथ नदी के तट पर स्थित महादेव मंदिर तक पहुंची जहां जगह-जगह पर तोरण द्वार लगाकर समाज जनों ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का बहुमान किया गया। दूधिया रोशनी से जगमगाया महादेव का मंदिर व भीगी-भीगी फूलों की खुशबू से सरोबार मंदिर प्रांगण में भक्तों का सैलाब उमडा जहां पुजारी प्रमोद शर्मा द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ महा आरती की गई तत्पश्चात समस्त समाज बंधुओ के सानिध्य में भामाशाह चेतन भुण्डाराम चांवला मारवाड जक्शन द्वारा मंदिर पर ध्वजारोहण किया गया। मंदिर निर्माण के प्रमुख भामाशाहो का आयोजन समिति की ओर से माला व साफा पहनाकर बहुमान किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ खटीक समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक खींची, खटीक समाज के अध्यक्ष रमेश चांवला, भामाशाह दौलत राम चांवला जोधपुर, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष जगदीश खींची, जगदीश सामरिया, घेवर खीची, भाजपा नेता राकेश खींची, दुर्गाराम डीडवानिया, जवरीलाल अध्यापक, मोनू चौहान, पीन्टु सामरिया, दिलिप खीची, ओम प्रकाश चांवला, धीरज सामरिया, बालकिशन खीची, वीरेंद्र चंदेल, रोहित खीची सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

# सोजत एसडीएम मांसीगाराम जांगिड अध्यक्षता में गुडा कल्ला मे ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों ने किया जनसमस्याओं का समाधान

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**सोजत सिटी/मीठालाल पंवार।** सोजत राज्य सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार को ग्राम पंचायत गुड़ा कला में ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी सोजत के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

शिविर में राजस्व विभाग ने शिमाज्ञान का 1, राजस्व रिकॉर्ड शुद्धिकरण के 6 तथा जाति, मूल निवास सहित 13 प्रकरणों का निस्तारण किया। पंचायतीराज विभाग ने नियम 157 के तहत 15 पट्टों तथा घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु परिवारों को नियम 158 के तहत 3 पट्टों का वितरण किया। इसके अलावा आईएचएचएल योजना के तहत 5 स्वीकृतियां जारी की गईं तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य कराया गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एनसीडी के तहत 83 व्यक्तियों की जांच, टीबी स्क्रीनिंग के तहत 54 लोगों की जांच, ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग के तहत 16 महिलाओं की जांच तथा 7 बच्चों का टीकाकरण किया। पशुपालन विभाग ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 7 पॉलिसियों का वितरण किया तथा 120 पशुओं का टीकाकरण कर कृमिनाशक दवा पिलाने एवं दवा छिड़काव का कार्य किया। ऊर्जा विभाग ने विद्युत आपूर्ति में व्यवधान के 5, मीटर संबंधी 2 तथा ढीले तारों से संबंधित 3 प्रकरणों का निस्तारण किया। कृषि विभाग ने किसानों को विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी। आयोजना विभाग ने जनाधार कार्ड में नए सदस्यों को जोड़ने एवं संशोधन का कार्य किया। शिविर में बैंक प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना की जानकारी देते हुए नए आवेदन भी प्राप्त किए।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने एनएफएसए में पात्र परिवारों की आधार सीडिंग एवं एलपीजी आईडी मैपिंग का कार्य किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 2 नए आवेदन प्राप्त किए तथा 10 वार्षिक सत्यापन किए। पालनहार योजना में 14 वार्षिक सत्यापन एवं 2 नए आवेदन दर्ज किए गए।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील महिला सम्बल योजना, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं अनुदान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर तथा महिला हेल्पलाइन-181 सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया।

आयुर्वेद विभाग ने लोगों को स्वास्थ्य परामर्श एवं औषधि वितरण किया। जलदाय विभाग ने हैंडपंप मरम्मत के 2 तथा पाइप लीकेज के 3 प्रकरणों का निस्तारण किया। वन विभाग ने पौधों का वितरण किया, जबकि परिवहन विभाग ने विशेष योग्यजन के लिए एक पास जारी कर प्रकरण का निस्तारण किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

# अर्जुनदेव के शहीदी दिवस पर डीग में शीतल शर्बत प्रसादी वितरण किया





● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** पांचवें गुरु श्री अर्जुनदेव जी के शहीदी दिवस पर शीतल शर्बत प्रसादी वितरण मुख्य बाजार डीग में श्री गुरुद्वारा प्रबंधन समिति एवं श्री पंजाबी समाज सेवा समिति डीग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया । मुगल शासक द्वारा गुरु साहिब को तरह तरह की यातनाएं दी गईं जिससे वे शहीद हो गए । उन्हें गर्म लोहे के तवे पर बिठाया गया व गर्म रेत उनके सिर पर डाली गई ।उसी संदर्भ में श्रद्धांजलि स्वरूप ठण्डे व मीठे शर्बत का वितरण देश भर में छबील अर्थात प्याऊ लगातार किया जाता है। ये जानकारी देते हुए समस्त पंजाबी खत्री सभा जिला डीग के अध्यक्ष गुलशन कुमार लुथरा ने बताया कि सुबह श्री गुरुद्वारा साहिब सौ घर मोहल्ला डीग में सुखमनी साहिब का पाठ किया गया व तत्पश्चात् ग्रंथी सुनील सिंह ने अरदास कर प्रसाद वितरण किया। मुख्य बाजार डीग में मीठे शर्बत का प्रसाद स्वरूप वितरण किया गया । जहां हजारों लोगों ने शर्बत प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मनीष सेठी, गुरुचरण लुथरा, अंकित जग्गी, मोनू अरोड़ा,प्रवीण बबेजा, ज्ञान चावला, बोबी दुआ, सोमी अरोड़ा, जगदीश सचदेवा, श्याम सचदेवा, जगदीश सरदार सहित पंजाबी समाज के कई लोगों ने भाग लिया ।

# अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामदेव सिंह सांदु के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. सुखदेव सिंह सांदु के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

## स्व. सुखदेव सिंह सांदु को श्रद्धांजलि अर्पित, परिजनों को दी सांत्वना



**सोजत सिटी/मीठालाल पंवार।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) रामदेव सिंह सांदु के पिता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय सुखदेव सिंह सांदु के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न क्षेत्रों की अनेक गणमान्य हस्तियों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में हिम्मतनगर जिला कलेक्टर ललित सांदु (आईएएस), डॉ. ओम प्रकाश तथा शिक्षा विभाग असम पूर्व निदेशक आईएएस, व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे, धर्मगुरु एवं पूर्व मंत्री दीवान माधव सिंह, विधायक शोभा चौहान, पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य, पूर्व सांसद पुष्प जैन, कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रधान शोभा सोलंकी, महावीर सिंह सुकरलाई, चुन्नीलाल चाड़वास, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, पाली नगर परिषद के पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता भंवर चौधरी 'किसान केसरी', के सहित अनेक प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने स्व. सुखदेव सिंह सांदु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सभा के अंत में सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# सांगोद क्षेत्र के आमली निवासी किसान की अन्न के कम भाव मिलने के सदमे से हुई मृतक हंसराज वैष्णव के परिजनों से मिले पुर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कोटा के दौरे पर रहे। इस दौरान कोटा सर्किट हाउस में उन्होंने देहात जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के साथ कुछ माह पुर्व हुई भामाशाह मंडी में गेंहू की फसल का कम दाम मिलने से झाड़ आमली निवासी हंसराज वैष्णव की दर्दनाक मोत पर गहरी संवेदनाए व्यक्त करते हुए, किसान के परिवारजनो से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। गहलोत ने कहा आज दिन तक भी सरकार का कोई सहयोग ग़रीब किसान के परिवार को नहीं मिला है, मृतक हंसराज कच्चे मकान में रहता था और जमीन मुनाफा काश्त करके गुज़ारा करता था उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से फसल को काफ़ी नुक़सान हुआ था, वहीं बची फसल को कोटा भामाशाह मंडी में बैचने गया था, जहां पर फसल का दाम कम लगने के सदमे से किसान की मोत हो गयी थी, ग्रामीणो व कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कोटा के अतिरिक्त जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में 25 लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की मांग भी रखी गयी थी। लेकिन सरकार द्वारा किसान के परिवारजनो को कोई राहत नहीं मिली है। इस दौरान मृतक किसान हंसराज वैष्णव की माता जी और पुत्र अजय वैष्णव निवासी ग्राम आमली झाड़ से अशोक गहलोत जी ने मुलाकात की साथ कोटा देहात जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, हरपाल राणा पूर्व उपाध्यक्ष सिख कल्याण बोर्ड महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गायत्री मीणा, सांगोद ब्लॉक अध्यक्ष सांगोद मिर्जा शकील अहमद, सीमल्या ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामराज यादव, जिला परिषद सदस्य संभव वर्मा,सत्यनारायण मेघवाल, लालचंद सैनी, महेन्द्र मेघवाल,सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

# ग्राम पंचायत ठीकरिया में ग्रामीण सेवा शिविर का कलक्टर बालमुकुंद असावा ने किया निरीक्षण, मौके पर शौचालय निर्माण की स्वीकृति जारी

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**बारां।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने आज तहसील अंता की ग्राम पंचायत ठीकरिया में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया। शिविर के दौरान आमजन की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने सभी विभागों की प्रगति रिपोर्ट की बारीकी से समीक्षा की।

## शौचालय नहीं होने की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक आंगनबाडी केंद्र में शौचालय नहीं होने की समस्या बताई गई। इस पर जिला कलक्टर ने मौके पर ही विकास अधिकारी को निर्देशित कर ग्राम पंचायत द्वारा शौचालय निर्माण की स्वीकृति जारी करवाई। उन्होंने कहा कि बच्चों और महिलाओं की सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा।

## पट्टा वितरण, पशु बीमा और गोद भराई

शिविर में जिला कलक्टर ने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए, मंगला पशु बीमा पॉलिसी सौंपी और गोद भराई की रस्म भी निभाई। उन्होंने परिवादियों की सुनवाई कर संबंधित विभागों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। अच्छी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति पर ग्राम पंचायत प्रशासक राज सिंह चौधरी को धन्यवाद दिया। राजस्व विभाग द्वारा 11 खाता विभाजन और 15 रिकॉर्ड शुद्धि का कार्य समय पर करने पर राजस्व टीम की प्रशंसा की।

## नीट परीक्षा केंद्रों का जायजा, शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण

इसके बाद जिला कलक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली छम्म्ज् परीक्षा के मद्देनजर अंता के दोनों परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शहरी सेवा शिविर नगर पालिका अंता का निरीक्षण करते हुए उन्होंने 2 लोगों को पट्टे वितरित किए। लंबित पट्टे, निर्माण स्वीकृति और पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत आवेदन शीघ्र स्वीकृत कर लाभार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों का उद्देश्य आमजन को उनके घर के नजदीक ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मानव सेवा की अनूठी व अनुकरणीय मिसाल

## ब्रज 84 कोस यात्रा भंडारा सेवा के बाद अपना घर आश्रम कोकिलावन को भिजवाई रसद सामग्री

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा कामां।** कामवन ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग स्थित पीपल के चार पेड़ों के नीचे चल रही भंडारा सेवा में यात्रियों की अनुकरणीय सेवा करने के बाद बची हुई रसद सामग्री को कमेंटी द्वारा अपना घर आश्रम कोकिलावन के लिए प्रभुजी की सेवा में समर्पित कर सेवा का एक और अनुकरणीय मिसाल पेश की है। वास्तव में मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती। अपना घर सेवा समिति कामवन सभी कमेंटी सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करती है एवं ईश्वर से प्रार्थना है कि आप भविष्य में भी मानव सेवा में अपना योगदान देते रहे ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026

## जिला कलक्टर ने किया पोस्टर का विमोचन, योग दिवस से पहले हुआ पूर्वाभ्यास



**कोटा।** जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने जिलेवासियों से अधिकाधिक संख्या में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि योग स्वस्थ एवं निरोगी जीवन का आधार है तथा सभी नागरिकों को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

## ऑक्सीजोन पार्क में हुआ पूर्वाभ्यास

आयुर्वेद विभाग व जिला प्रशासन की संयुक्त पहल से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 पूर्वाभ्यास का आयोजन गुरुवार को जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया के निर्देशानुसार ऑक्सीजोन पार्क में किया गया।

उप निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह मीना ने बताया कि विभाग ने तैयारी के लिए 12 टीमों का गठन किया है जो कोटा में विभिन स्थानों पर निरंतर योगाभ्यास करवा रही है। योग प्रशिक्षकों एवं आयुर्वेद कॉलेज कोटा की टीम ने सभी को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रशासन के एवं विभिन विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, अनेक सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों तथा जन सामान्य ने भाग लिया। इसमें लगभग 500 से अधिक लोगों ने योग करके स्वास्थ्य लाभ लिया। अंत में आयुर्वेद चिकित्सक संघ कोटा के अध्यक्ष डॉ. हरिओम मीना ने सभी का धन्यवाद किया एवं 21 जून के कार्यक्रम को अधिक भव्य बनाने की अपील की। टीम में आयुर्वेद विभाग की अतिरिक्त निदेशक डॉ. अंजना शर्मा, उप निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह मीणा, सहायक निदेशक डॉ. पवन कुमार सोनी एवं आयुर्वेद कॉलेज कोटा के प्राचार्य डॉ. नित्यानन्द शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। सहायक योग नोडल अधिकारी डॉ. विकल्प नागर एवं डॉ. कपिल सैनी ने योगाभ्यास का संचालन किया।

# बांस की खेती से बढ़ेगी किसानों की आय, 50 कृषकों का राज्यस्तरीय अध्ययन दौरा रवाना

## जिला कलक्टर ने दिखाई हरी झंडी, आधुनिक बांस उत्पादन तकनीकों का लेंगे प्रशिक्षण

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**झालावाड़।** राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत जिले में बांस आधारित कृषि एवं रोजगार के नए अवसर विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए वर्ष 2026-27 के लिए चयनित 50 किसानों के चार दिवसीय राज्यस्तरीय शैक्षणिक भ्रमण दल को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने किसानों से संवाद करते हुए जिले में बांस उत्पादन की संभावनाओं पर चर्चा की तथा भ्रमण से प्राप्त ज्ञान को अपने खेतों में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को सफल एवं ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उप निदेशक उद्यान सुभाष शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बांस मिशन का उद्देश्य उद्योगों को गुणवत्तापूर्ण कच्चा बांस उपलब्ध कराना, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना, किसानों की आय में वृद्धि करना तथा कुटीर एवं हस्तशिल्प उद्योगों को प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में झालावाड़ जिले को वर्ष 2026-27 के लिए 9 हैक्टेयर क्षेत्र में 3600 बांस पौधों के रोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। भ्रमण के दौरान किसान बांस उत्पादन, पौधारोपण, प्रसंस्करण एवं विपणन से संबंधित आधुनिक तकनीकों का अध्ययन करेंगे। भ्रमण दल सीताफल उत्कृष्टता केन्द्र चित्तौड़गढ़, रामकुण्डा ओगणा (झाड़ोल), बम्बू नर्सरी फूलवारी की नाल (कोटड़ा), कृषि विज्ञान केन्द्र सिरोही, बम्बू सेलिंग पॉइंट स्वरूपगंज, रेंज गोगरूंद घाटा देवला तथा राजस्थान कृषि महाविद्यालय उदयपुर सहित विभिन्न संस्थानों एवं परियोजनाओं का अवलोकन करेगा। राष्ट्रीय बांस मिशन के माध्यम से किसानों को बांस बगीचा स्थापना, पौध सामग्री एवं तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे जिले में बांस उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ किसानों के लिए आय एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

## भागवत कथा जीवन का आधार ~कथावाचक पं. राहुल कृष्ण शास्त्री

## कथा में भागवत रचना, बारह अवतार परीक्षित जन्म, नारद व्यास, कपिल देवहुति संवाद की कथा सुनाई



**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** सरकारी रोड़वेज बस डिपो पेट्रोल पंप के पास चल सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक पंडित राहुल कृष्ण शास्त्री जी महाराज श्री वृन्दावन धाम वाले ने भागवत रचना, बारह अवतार परीक्षित जन्म, नारद व्यास, कपिल देवहुति संवाद की मधुर वाणी में कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथावाचक शास्त्री जी ने कहा कि भागवत कथा जीवन का आधार है इसमें सभी वेद शास्त्रों का सार है। भागवत कथा सुनने के लिए कॉलोनी वासी एवं आसपास की ढाणियों से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान गोरी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार लोकेश बृजवासी, चेतन गोस्वामी, गोपाल जाला ताला,पं.संजय शास्त्री ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जिससे आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। भामाशाह प्रॉपर्टी डीलर विनोद कुमार ने कार्यक्रम के अन्त में प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर कुनाल भारद्वाज, देवकरण गुर्जर, देवेंद्र कुमार सैनी, श्रीराम जाट सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# राज्यसभा चुनाव- झारखंड में क्रॉस वोटिंग, कांग्रेस उम्मीदवार की हार

## भाजपा समर्थित उद्योगपति नाथवानी जीते, 12 राज्यों की 26 सीटों में से 19 एनडीए को

**नई दिल्ली।** 12 राज्यों की 26 राज्यसभा सीटों के लिए गुरुवार को चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई। इनमें से 19 सीटें एनडीए को, इंडिया ब्लॉक को 6 और एक सीट मिजोरम की जोराम पीपुल्स मूवमेंट को मिली। इस चुनाव में एनडीए और इंडिया ब्लॉक को एक-एक सीट का फायदा हुआ। गुरुवार को झारखंड की 2 और मिजोरम की एक राज्यसभा सीटों के रिजल्ट गुरुवार को आए। झारखंड में एक सीट एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने जीत दर्ज की। वहीं, मिजोरम की एक सीट पर जोराम पीपुल्स मूवमेंट प्रत्याशी के. लल्टलुआंगकिमा जीते।



### एनडीए और इंडिया ब्लॉक को एक-एक सीट का फायदा

**चुनाव के पहले की स्थिति:** जिन कुल 26 सीटों पर चुनाव हुए, उनमें से एनडीए के पास 18 (आंध्र प्रदेश से 1, गुजरात से 4, कर्नाटक से 3, राजस्थान-मध्य प्रदेश से 2-2, झारखंड, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से एक-एक सीटे हैं), वहीं इंडिया गठबंधन के पास 5 सीटे थीं। वहीं, तीन अन्य सीटें YSRCP के पास थीं। चुनाव के बाद की स्थिति- कुल 26 सीटों में से एनडीए ने 19 सीटें जीत ली हैं। INDIA ब्लॉक को 6 सीटें मिली हैं। यानी NDA और INDIA ब्लॉक को एक-एक सीट का फायदा हुआ है।

मिजोरम की एक सीट सत्तारूढ़ जोरम पीपुल्स मूवमेंट ने जीती है। झारखंड में 2 सीटों में से एक पर JMM की जीत तय थी। दूसरी सीट पर नाथवानी और कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के बीच मुकाबला था। क्रॉस वोटिंग की वजह से नाथवानी को 30 और झा को 20 वोट मिले। झारखंड के सभी 81 विधायकों ने मतदान किया।

नाथवानी को 28 वोट मिले, वहीं कांग्रेस के प्रणव झा को 20 वोट मिले। JMM के बैद्यनाथ राम को चुनाव में 30 वोट मिले, जबकि तीन वोट, BJP के दो और कांग्रेस का एक इनवैलिड पाए गए। BJP की लीडरशिप वाले एनडीए के पास 24 MLA हैं, जो 81 मेंबर वाली असेंबली में पार्लियामेंट के अपर हाउस में सीट पक्की करने के लिए जरूरी 28 से चार कम हैं। JMM और कांग्रेस समेत सत्ताधारी INDIA ब्लॉक के सदन में 56 सदस्य हैं। मिजोरम की सत्तारूढ़ जोराम पीपुल्स मूवमेंट का कोई सांसद पहली बार राज्यसभा पहुंचा है।

के लालत्लुआंगकिमा ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट जीत ली है। लालत्लुआंगकिमा को 36 में से 26 वोट मिले, जबकि विपक्षी मिजो नेशनल फ्रंट की उम्मीदवार जोथानसांगी हमार को 10 वोट मिले। भाजपा के दो और कांग्रेस के एक विधायक ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया, जबकि जेपीएम के एक विधायक स्वास्थ्य कारणों से वोट नहीं डाल सके। 2017 में बनी जेपीएम के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। लालत्लुआंगकिमा पार्टी के पहले राज्यसभा सांसद बने हैं। वह 1972 के बाद राज्यसभा पहुंचने वाले मिजोरम के आठवें नेता हैं। राज्य में विधानसभा की 40 सीटें हैं।

# मोदी बोले- भारत और यूरोप के बीच फ्रांस पुल जैसा

## एफिल टॉवर पर भी भारत का PI काम करता है, हमारे पास वर्ल्ड क्लास डिजिटल पब्लिक गुड्स




**पेरिस/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार फ्रांस के पेरिस में आयोजित विवाटेक समिट में शामिल हुए। मोदी ने कहा- फ्रांस एक अहम पुल का काम कर रहा है जो भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा है। हमारे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस की वजह से आज दुनिया के आधे रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में होते हैं। अब आप फ्रांस में भी एफिल टॉवर या पेरिस एयरपोर्ट पर PI का इस्तेमाल कर सकते हैं। हमारे पास ऐसे कई वर्ल्ड-क्लास डिजिटल पब्लिक गुड्स के उदाहरण हैं। डिजिलॉकर दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल डॉक्यूमेंट वॉलेट में से एक है। 17 जून को फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित ल7 समिट के बाद पीएम मोदी देर रात करीब 2 बजे पेरिस पहुंचे थे। यहां होटल के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने पीएम मोदी का स्वागत किया था।

### मोदी की स्पीच, 4 बड़ी बातें; कहा- भारत में बदलाव की वजह टेक्नोलॉजी

भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल आइडेंटिटी सिस्टम- पिछले दशक में, भारत तेजी से बदल रहा है और इस बदलाव के पीछे टेक्नोलॉजी की बड़ी भूमिका है। दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल आइडेंटिटी सिस्टम बनाने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म तक, हम फाइनेंशियल इन्क्लूजन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन, खेती और कई अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं। 2026 भारत और यूरोप के लिए एक खास साल है- साल की शुरुआत में, हमने ऐतिहासिक भारत-EU फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा किया। यह एग्रीमेंट हमारे व्यापार और निवेश को बढ़ाएगा। इस साल भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर की शुरुआत के साथ, फ्रांस एक अहम पुल का काम कर रहा है जो भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा है। भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूल- भारत एक खुला समाज है और दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है। हम नियमों को आसान बना रहे हैं और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुनिश्चित कर रहे हैं। इनोवेशन से लेकर कमर्शियलाइजेशन तक, हम 50 बिलियन डॉलर से ज्यादा के खास इंसेंटिव के जरिए प्राइवेट कंपनियों को सपोर्ट कर रहे हैं।

# यूक्रेन ने रूस पर सबसे बड़ा ड्रोन अटैक किया

## 1000 से ज्यादा ड्रोन, क्रूज मिसाइलें भी दागीं, जेलेंस्की बोले- यूक्रेन जलेगा तो रूस भी जलेगा

**मॉस्को/कीव।** यूक्रेन ने गुरुवार को रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रातभर में करीब 1,000 ड्रोन और चार क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। इनमें करीब 200 ड्रोन राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा, हम यह युद्ध नहीं चाहते थे, लेकिन अगर यूक्रेन जलेगा तो मॉस्को भी जलेगा। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र का एक ऑयल डिपो धमाके से तबाह हो गया। यहां मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई। मॉस्को की कपोतन्या ऑयल रिफाइनरी पर भी हमला हुआ। विस्फोट के बाद ऑयल डिपो टैंक का ढक्कन कई मीटर ऊपर उछल गया और आसमान में काले धुएं के गुबार छा गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पास के एक शॉपिंग सेंटर में भी आग लग गई। ड्रोन का मलबा गिरने से कुछ रिहायशी और व्यावसायिक इमारतों को नुकसान पहुंचा। कई ऊंची इमारतों को खाली कराया गया। हमले के बाद मॉस्को के हवाई अड्डों पर कुछ समय के लिए उड़ानों पर रोक लगाई गई।



### जेलेंस्की बोले- हमने रूस के हमले का जवाब दिया

जेलेंस्की ने मॉस्को पर हमले को पिछले हफ्ते कीव पर रूस की कार्रवाई का जवाब बताया। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सेना ने उन ठिकानों को निशाना बनाया, जो रूस के युद्ध अभियान को सहारा दे रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अब समय आ गया है कि रूस युद्ध खत्म करने के लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाए। उन्होंने यक्रेन की विभिन्न सैन्य और खुफिया एजेंसियों की कार्रवाई की तारीफ भी की। हमले के समय रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन कजान में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के नेताओं के साथ शिखर बैठक में मौजूद थे। उन्होंने यूक्रेन के इस हमले पर अभी तक कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### 2023 से रूसी राजधानी पर ड्रोन हमले बढ़े

2022 में युद्ध शुरू होने के बाद यूक्रेन के ड्रोन हमले सीमित थे। 2023 में पहली बार उसके ड्रोन मॉस्को तक पहुंचे, लेकिन तब हमलों में कुछ ही ड्रोन इस्तेमाल किए जाते थे। अब यूक्रेन लंबी दूरी तक हमला करने में सक्षम हो गया है, जबकि रूस ने भी राजधानी के चारों ओर मजबूत एयर डिफेंस तैनात कर रखा है। इस वजह से युद्ध अब सिर्फ फ्रंटलाइन तक सीमित नहीं रहा। दोनों देश तेल डिपो, रिफाइनरी और दूसरे रणनीतिक ठिकानों को निशाना बना रहे हैं।


### जी7 देशों ने यूक्रेन को मदद देने का ऐलान किया

मॉस्को पर बड़े हमले के बीच जी 7 देशों ने यूक्रेन के लिए सैन्य मदद बढ़ाने का ऐलान किया है। संगठन ने कहा कि यूक्रेन को ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम, इंटरसेप्टर और लंबी दूरी के हथियार दिए जाएंगे। इसके अलावा रूस के तेल और गैस कारोबार पर प्रतिबंध और सख्त किए जाएंगे। जी7 देशों ने सर्दियों से पहले यूक्रेन की बिजली और ऊर्जा जरूरतों के लिए भी अतिरिक्त मदद देने का भरोसा दिया है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्हें लगा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराना आसान होगा, लेकिन दोनों देशों के बीच गहरी दुश्मनी ने बातचीत को मुश्किल बना दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमिर पुतिन दोनों से अच्छी बातचीत हुई है और वह इस युद्ध का अंत देखना चाहते हैं। इससे पहले यूक्रेन ने 17 मई को भी रूस के कई इलाकों पर 1000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हुई थी। इसमें 1 भारतीय भी शामिल था। रूस में भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की थी। दूतावास के मुताबिक 3 भारतीय घायल भी हुए थे। रूस के अधिकारियों ने बताया था कि ड्रोन हमले में मॉस्को में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि यूक्रेन सीमा से लगे बेलगोरोद इलाके में एक और व्यक्ति की जान गई। मॉस्को में कुल 12 लोग घायल हुए। इनमें तेल रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। यूक्रेन ने मॉस्को में सैन्य और ईंधन से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया था। इनमें एंगस्ट्रेम प्लांट शामिल है, जो रूस की सेना के लिए सेमीकंडक्टर बनाता है। इसके अलावा मॉस्को ऑयल रिफाइनरी, सोलनेचनोगोर्स्क और वोलोडार्स्कोये ईंधन स्टेशन को भी निशाना बनाया गया।

# दुनिया के 7 खूबसूरत एयरपोर्ट्स की सूची में दो भारतीय

## नवी मुंबई और गुवाहाटी हवाई अड्डे आधुनिक वास्तुकला और भारतीय तत्वों से चमके

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय डिजाइन पुरस्कार प्री वर्साय 2026 द्वारा जारी दुनिया के 7 सबसे खूबसूरत हवाई अड्डों की सूची में भारत के दो एयरपोर्ट्स ने भी जगह बनाई है। इस सूची में भारत का नवी मुंबई और गुवाहाटी एयरपोर्ट शामिल है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक एयरपोर्ट्स का चयन केवल सुंदरता के आधार पर नहीं, बल्कि नवाचार, यात्री अनुभव, पर्यावरणीय दृष्टिकोण और स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखकर किया गया है। इस सूची में शामिल दोनों भारतीय एयरपोर्ट्स ने पारंपरिक भारतीय तत्वों को आधुनिक वास्तुकला के साथ जोड़कर वैश्विक पहचान बनाई है। दुनिया के सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट्स की इस सूची में चीन के ग्वांगझोउ बाययुन इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल 3, जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट का टर्मिनल 3, कंबोडिया का टेको इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अमेरिका के सैन डिएगो इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल 1, और अमेरिका का ही पिट्सबर्ग इंटरनेशनल एयरपोर्ट शामिल है।



### ग्वांगझोउ बाययुन इंटरनेशनल एयरपोर्ट, चीन

ग्वांगझोउ एयरपोर्ट का टर्मिनल-3 अपनी फूलों जैसी छत और विशाल हरित क्षेत्रों के लिए चर्चित है। करीब 10,000 वर्ग मीटर में फैले इनडोर और आउटडोर गार्डन यात्रियों को प्रकृति के बीच होने का एहसास कराते हैं।

### नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट, भारत

नवी मुंबई एयरपोर्ट के डिजाइन में भारतीय संस्कृति के प्रतीक कमल की झलक दिखाई देती है। हरे-भरे खुले क्षेत्र, प्राकृतिक रोशनी और आधुनिक सुविधाओं के साथ यह एयरपोर्ट भारतीय वास्तुकला की नई पहचान बनकर उभरा है।

### गोपीनाथ बोरदोलोई एयरपोर्ट गुवाहाटी, भारत

गुवाहाटी एयरपोर्ट का नया टर्मिनल-2 पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। बांस से प्रेरित इंटीरियर इसकी सबसे बड़ी खासियत है। स्थानीय कला, लोककथाएं और स्थानीय शिल्प कौशल ने इसकी जीत में योगदान दिया।

# एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप मामले में मौलाना गिरफ्तार

## नागपुर से एमपी ले जाकर काला जादू करने का आरोप; निकाह के लिए दबाव बनाया

**नागपुर।** नागपुर में एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप, काला जादू और जबरन धर्मांतरण मामले में एक मौलाना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 24 साल की महिला ने 12 जून एफआईआर में आरोप लगाया था कि उसे नशीला पदार्थ देकर रेप और ब्लैकमेल किया गया। फिर जबरन शादी और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। हजरत नाम के मौलाना पर महिला के ऊपर काला जादू और धर्मांतरण करने का आरोप है। आरोपी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के तामिया का रहने वाला है। मौलाना की तलाश में कई टीमें लगाई गई थीं। दबाव बढ़ने पर बुधवार रात उसने सरेंडर कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड मांगा जाएगा। मामले में 26 साल का अय्याज मदारे और उसका 30 साल का दोस्त आमीन शेख भी आरोपी हैं।

### धमकी भरे फोन आने पर पति को सच्चाई बताई

अय्याज और उसका दोस्त 21 जून तक पुलिस कस्टडी में हैं। अय्याज महिला का पूर्व क्लासमेट है। पुलिस के अनुसार, महिला ने यह पूरा मामला अपने पति से छिपाकर रखा था। लेकिन जब पति के सामने धमकी भरे फोन आने लगे तब उसने पूरी सच्चाई बताई। इसके बाद कपल पुलिस के पास पहुंचे। महिला ने स्न्ढ्ढक्रमें बताया था कि तीनों आरोपी उसे मध्य प्रदेश के तामिया गांव ले गए थे, जहां मौलाना ने उस पर तांत्रिक अनुष्ठान और काला जादू किया। महिला का आरोप है कि उसी के प्रभाव में उसने इस्लाम कबूल किया और अय्याज से निकाह के लिए राजी हो गई।

# विदेशी महिला टूरिस्ट बोली- देवभूमि को कूड़े से मत भरिए

## मंदिरों-पर्यटन स्थलों पर कचरा देख भावुक हुई; वीडियो जारी कर सफाई रखने की अपील

**शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला के पर्यटन स्थलों में फैली गंदगी को लेकर एक विदेशी महिला टूरिस्ट ने चिंता जाहिर की। महिला ने लगभग डेढ़ मिनट का वीडियो बनाकर लोकल लोगों और टूरिस्टों से भावुक अपील की। इसमें महिला टूरिस्ट कहती हैं कि हिमाचल प्रदेश को लोग 'देवभूमि' कहते हैं, लेकिन यहां धार्मिक, पर्यटन स्थलों और जंगलों में कचरा देखकर उसे बेहद दुख हुआ। विदेशी महिला ने अपने संदेश में कहा कि मैं आपसे सिर्फ एक गुजारिश करती हूं, कृपया ऐसा करना बंद कर दीजिए। मैं हिमाचल प्रदेश, शिमला में हूं और यहां यात्रा करते हुए मैंने एक बहुत दुखद चीज देखी है, जो मुझे हर जगह दिखाई दे रही है। आप इस जगह को देवताओं की भूमि कहते हैं। मैं आपके देश का सम्मान करती हूं, आपके भगवानों और आपकी संस्कृति का सम्मान करती हूं। मुझे लगता है कि मैं कई बार आप लोगों से भी ज्यादा सम्मान करती हूं, क्योंकि मैं यहां घूम रही हूं और मुझे हर जगह हजारों शराब-बीयर की बोतलें और ढेर सारा कचरा दिखाई दे रहा है। खूबसूरत जंगल देखकर खुश हूं, पर गंदगी से आहत- महिला- वीडियों में महिला कह रही हैं कि यह जगह इतनी खूबसूरत है। मुझे देखिए, मैं इस समय जंगल में हूं। यहां का नजारा कितना अद्भुत है। मगर मुझे यहां क्या दिखाई दे रहा है? बोतलें और कचरा। चारों तरफ कचरा ही कचरा है। पर्यावरण को बचाने और साफ-सुथरा रखने की अपील करने वाली महिला किस देश की है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। महिला का यह वीडियो अब सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।

महिला ने यात्रा के दौरान गाड़ी में कचरा रखने की अपील की- विदेशी पर्यटक ने लोगों से सवाल करते हुए कहा कि आप लोग कार से यात्रा करते हैं, क्या आप अपना कचरा अपनी गाड़ी के अंदर नहीं रख सकते? जब आपको होटल, घर या कहीं कूड़ेदान मिले तो वहां इसे डाल सकते हैं। मैं फिर से आपसे कहना चाहती हूं कि यह देवभूमि है। यह आपके लिए है, आपकी संस्कृति के लिए है। आप अपने ही देश और अपने धर्म के साथ ऐसा कैसे कर सकते हैं।


# हिमाचल में खाई में गिरी बोलेरो गाडी, 7 की मौत

## मृतकों में एक ही परिवार के 6 लोग शामिल; मुंडन संस्कार से लौटते वक्त हादसा

**भरमौर, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा-मसरूंड मार्ग पर सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। इनमें मेहल गांव के एक ही परिवार के छह लोग शामिल हैं, जबकि सातवां मृतक ड्राइवर था। पुलिस ने सभी के शवों को खाई से निकाल कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सूचना के अनुसार, गाडी में सवार सभी लोग काकड़ोथा गांव से मुंडन संस्कार में शामिल होकर बुधवार रात को घर लौट रहे थे। इस दौरान इनकी बोलेरो HP-01C-2581 नंबर गाडी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि सडक से गाडी लगभग 1200 फीट नीचे गिरी। इससे गाडी के परखच्चे उड गए।

### हादसे में इन लोगों की मौत

इस हादसे में मेहल गांव के चुनी लाल (65) पुत्र परस राम, देवी लाल (62) पुत्र परस राम, बबली देवी (45) पत्नी मोती राम, मोती राम (45) पुत्र परस राम, अनिता कुमारी (20) पुत्री धर्मसिंह, कुंता देवी (53) पत्नी कर्म सिंह और धरो गांव के मनोहर लाल (34) की मौत हो गई। दो सगे भाई और पति-पत्नी भी शामिल है।



### आधी रात हुआ हादसा, पुलिस को सुबह मिली सूचना

आधी रात में हादसे की वजह से किसी को इसकी भनक नहीं लगी। सुबह के वक्त पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुटी। मगर तब तक सभी लोगों की मौत हो चुकी थी।

### ह्यूमन चेन बनाकर खाई से शव निकाले

पुलिस ने आज सुबह घटनास्थल पर जुटे स्थानीय लोगों की मदद से खाई से शवों को सडक तक पहुंचाया। इसके लिए लोगों ने ह्यूमन चेन बनाकर सभी शव सडक तक लाए। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज गया। कुछ देर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

### पुलिस को सुबह मिली सूचनाः SP

एसपी चंबा विजय कुमार ने 7 लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसा लेट नाइट हुआ। मगर पुलिस को सूचना सुबह के वक्त मिली। मृतकों में तीन महिलाएं और चार पुरुष शामिल है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।